राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

पाठ 4 : ग्रंथालय विज्ञान के पाँच नियम

कार्यपत्रक - 4

1. क्या आप समझते हैं कि डॉ० रंगनाथन के 'ग्रंथालय विज्ञान के पाँच नियम' ग्रंथालयाध्यक्षों को ग्रंथालय सेवाओं के प्रबंधन में सहायक दिशा निर्देशों के रूप में कार्य करते हैं? अपने उत्तर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
2. ग्रंथालय विज्ञान के प्रथम नियम, 'पुस्तकें प्रयोग के लिए हैं', के बारे में आपका क्या विचार है? क्या सामग्री के संरक्षण से अधिक ज़ोर पुस्तकों के प्रयोग पर होना चाहिए?
3. क्या आपको लगता है कि 'ग्रंथालय के खुलने और बंद होने का समय' ग्रंथालय के संसाधनों के अधिकतम उपयोग में सहायक होता है?
4. यदि आपसे एक ग्रंथालयाध्यक्ष होने के नाते अपने संस्थान के लिए पुस्तकों का चयन करने के लिए कहा जाता है तो आप किन बिंदुओं का ध्यान रखेंगे? किन्हीं पाँच का उल्लेख कीजिए।
5. ग्रंथालय विज्ञान का दूसरा नियम कहता है "प्रत्येक पाठक, उसकी पुस्तक"। क्या आपको लगता है कि कोई ग्रंथालयाध्यक्ष इस नियम का पूरी तरह पालन कर सकता है?
6. आपके मतानुसार क्या प्रसूची कार्ड एक उपकरण है जो किसी प्रलेख की छिपी सामग्री को सामने लाता है। कृपया स्पष्ट कीजिए कि यह किसी पुस्तक की विषय-सामग्री को खोजने में

   कैसे सहायक होता है?
7. ग्रंथालय का उपयोग करने वालों के लिए पुस्तक संग्रह कक्ष निर्देश कितने महत्वपूर्ण हैं? ये निर्देश उपयोगकर्ताओं का समय बचाने में किस प्रकार सहायक हैं?
8. रंगनाथन का पाँचवाँ नियम कहता है कि "ग्रंथालय एक बढ़ती हुई प्राणमय रचना" है। क्या आपको लगता है कि ग्रंथालय को बढ़ते रहना चाहिए या एक निश्चित सीमा के बाद इसे बढ़ने की आवश्यकता नहीं है? उक्त कथन के समर्थन में अपने दिन-प्रतिदिन के जीवन से कोई उदाहरण दीजिए।
9. गुड रीड्स, बुक बब या लाइब्रेरी थिंग में से किसी एक की वेबसाइट पर जाइए और पता लगाइए कि वे किस प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध कराते हैं। उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तकों में से अपनी पसंद की दस पुस्तकों की सूची बनाइए।
10. आईजीएनसीए की वेबसाइट पर जाइए और उनके द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले ग्रंथालय विज्ञान के सर्टिफिकेट कोर्स व अन्य लघु अवधि के पाठ्यक्रमों के बारे में पता लगाइए। देखें कि भविष्य में ये आपके लिए कैसे लाभदायक हो सकते हैं तथा इन पाठ्यक्रमों के बारे में एक

राष्ट्रीय मुक्त विद्‍यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्‍यक्रम : ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान

पाठ 4 : ग्रंथालय विज्ञान के पाँच नियम

कार्यपत्रक - 4

टिप्पणी तैयार करें। किन्हीं दो ऐसे पाठ्‍यक्रमों को सूचीबद्‍ध करें जो आपके लिए लाभदायक हो सकते हैं, और कारन भी स्पष्ट करें।